RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 23 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 331 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# अभिनेता गोविंदा करेंगे एकनाथ शिंदे की शिवसेना में एंट्री...

## ठाकरे के उम्मीदवार को देंगे कड़ी टक्कर ?

**बॉलीवुड में अभिनेता गोविंदा को कौन नहीं जानता होगा. अब कयास लगाए जा रहे हैं कि गोविंद राजनीति में एंट्री कर सकते हैं. खबर है कि गोविंदा इस साल लोकसभा चुनाव 2024 में चुनावी मैदान में उतर सकते हैं. मुंबई में उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट के लिए गोविंदा का नाम चर्चा में है. सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि गोविंदा एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं. वो शिवसेना से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं.**





**चुनाव के रण में उतर सकते हैं गोविंदा**

सूत्रों ने बताया की उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट की रेस में गोविंदा का नाम चर्चा में है. सूत्रों ने यह भी दावा किया है की गोविंदा जल्द ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदें की उपस्थिती में शिवसेना में प्रवेश कर सकते हैं. कुछ दिनों पहले अभिनेता गोविंदा ने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से वर्षा पर मुलाकात की थी. उत्तर पश्चिम सीट से महाविकास अघाड़ी से अमोल किर्तीकर के नाम को घोषणा ठाकरे ने की है. गजानन किर्तीकर की उम्र को ध्यान में रखते हुए उनकी जगह गोविंदा के नाम की चर्चा चल रही है.

आपको बता दें कि इसके पहले गोविंदा ने साल 2004 में उत्तर मुंबई से लोकसभा सीट से चुनाव लड़कर बीजेपी के राम नाईक को हराया था. इसके पहले इस जगह के लिए अक्षय कुमार, माधुरी दिक्षित, नाना पाटेकर से भी बातचीत हुई थी लेकिन अक्षय और नाना ने इनकार कर दिया और माधुरी दिक्षित की तरफ से जवाब नहीं आया था. ऐसे में अभी गोविंदा की तरफ से इसपर किसी तरह की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. अब ये देखना होगा कि जब उनकी एंट्री शिवसेना में होती है तो वो क्या कहते हैं, और इसपर विपक्ष के नेताओं की क्या प्रतिक्रिया आती है.

# जोगेश्वरी में पति - पत्नी ने भाई के साथ मिलकर की घर दिलाने के नाम पर 28 लाख की ठगी





**मुंबई :** पीड़ित इरफान मूल्ला ने बताया की आरोपी आमिर खंडवाला उसकी पत्नी अस्मा खंडवाला और उसका साला आसिफ मेमन ने उन्हें गुलशन नगर जोगेश्वरी में बुलाया और कहा आपको घर यह पर 28,50,000/- रु. में अच्छा रूम मिल रहा है जिसके बाद इरफान ने उस घर को खरीदा और बाद में न घर मिला का पैसे और फिर आमिर खंडवाला द्वारा इरफान को सुरक्षा के रूप में दिए गए चेक में से 14,00,000/- रु. चेक बाउंस हो गए. इसलिए, इरफान ने आरोपी अमीर खंडवाला उनकी पत्नी का नाम अस्मा खंडवाला और उनके साले का नाम आसिफ मेमन पर मामला दर्ज करवाया और बेईमानी से ठगे हुए कुल 28,50,000/- रुपये की धोखाधड़ी की गबन को लेकर अंबोली पुलिस ने 406, 420, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है.

# कल्याण के वालधुनी फ्लाईओवर क्षेत्र में सड़क के काम के ट्रैफिक जाम, भीड़ से यात्री परेशान

**कल्याण:** कल्याण के वालधुनी फ्लाईओवर क्षेत्र में सड़क के काम के कारण पिछले कुछ दिनों से ट्रैफिक जाम हो रहा है, जिससे यात्री चिंतित हैं। सुबह कल्याण रेलवे स्टेशन जाने वाले और शाम को काम से लौटने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। यह सड़क कल्याण शहर को पूर्व और पश्चिम, उल्हासनगर, विठ्ठलवाड़ी से जोड़ती है। इस सड़क पर एक समय में भारी वाहन, बस, रिक्शा, मोटरसाइकिल, दोपहिया वाहन चलते हैं। यह स्कूल बस का रूट है. म्हारल, वराप, कम्बा क्षेत्रों से अधिकांश बसें इस सड़क से होकर गुजरती हैं। कल्याण पूर्व और पश्चिम इलाके का ट्रैफिक इसी सड़क पर है. इसके चलते सुबह-शाम सड़क पर अभूतपूर्व जाम लग जाता है। इस क्षेत्र में पुलिस, कल्याण यातायात विभाग के यातायात सेवक तैनात हैं। लेकिन, इस इलाके की संकरी सड़कें, दोपहिया वाहन चालकों की भीड़ और अंदरूनी गलियों में भीड़भाड़ रहती है, इसलिए ट्रैफिक पुलिस को समस्या का समाधान करने में मशक्कत करनी पड़ रही है.

# भड़काऊ भाषण मामला... नितेश राणे, गीता जैन के खिलाफ मामला दर्ज



**मुंबई:** बीजेपी विधायक नितेश राणे, गीता जैन और तेलंगाना विधायक टी. राजा के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश देने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है. चूंकि स्थानीय पुलिस ने इन नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया, हिंसा के दो पीड़ितों सहित मुंबई के पांच निवासियों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। 21 जनवरी को मीरा रोड की अल्पसंख्यक बस्ती में हिंसा भड़क उठी और इसकी गूंज पूरे शहर में फैल गई। वहीं, बीजेपी विधायक नितेश राणे ने गीता जैन के साथ मीरा रोड के कुछ हिस्सों का दौरा किया और अल्पसंख्यक समुदाय को धमकी दी.

याचिकाकताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि राणे ने गोवंडी और मालवणी इलाकों का दौरा किया और वहां भड़काऊ भाषण दिए। तेलंगाना विधायक टी. याचिकाकताओं ने यह भी दावा किया है कि राजा ने 25 फरवरी को मीरा रोड में एक बैठक में जाति संबंधी टिप्पणी की थी। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से संपर्क किया और विधायकों के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई. इसलिए याचिकाकताओं ने भी याचिका दाखिल करने का दावा किया है. पुलिस ऐसे भड़काऊ भाषणों के संबंध में मामला दर्ज करने की कार्रवाई करने में विफल रही है। भड़काऊ भाषण देने वाले का धर्म चाहे जो भी हो, देश में धर्मनिरपेक्षता बनाए रखने के लिए विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसलिए याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट नेता राणे, जैन और राजा के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दे.

# 10 साल में 17 हजार पेड़ काटे गए, विभिन्न परियोजनाओं...

## विकास कार्यों में पेड़ों की हुई हत्या !



**मुंबई :** एक तरफ पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ ऐसा संदेश दिया जाता है। पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा करने का अब सवाल उठाया जा रहा है। विभिन्न परियोजनाओं और विकास कार्यों के लिए पिछले दस वर्षों में 17,000 से अधिक पेड़ काटे गए हैं। चौंकाने वाली जानकारी यह सामने आई है कि चार हजार से ज्यादा पेड़ जो कि पुनर्रोपित किए थे वह भी मर गए है।जिससे पुनर्रोपित के नाम पर पेड़ो को काटने की संख्या घटाई जाती है लेकिन पेड़ बचते। वॉच डॉग फाउंडेशन के संस्थापक गॉडफ्रे पिमेंटा ने पिछले दस वर्षों में पेड़ों की पुनर्रोपण और पेड़ों की कटाई सहित विभिन्न जानकारी सूचना के अधिकार में मांगी थी । मनपा वृक्ष प्राधिकरण की बैठकों में बिल्डरों की आवासीय परियोजनाओं के साथ-साथ मनपा सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के परियोजनाओं में बाधा बनने वाले पेड़ों को काटने के प्रस्ताव लाकर पेड़ो के काटनेकी मंजूरी दी जाती है । इस दौरान कुछ पेड़ो को काटा नहीं जाता उन्हें दुसरे स्थान पर पुनर्रोपित किया जाता है। परियोजनाओं को देखकर पेड़ो को काटने की अनुमति दी जाती है। पिछले दस सालो में 17 हजार 50 पेड़ काटे गए हैं जो की विभिन्न परियोजनाओं में बाधा बन रहे हैं। मनपा के पश्चिम वार्ड अंधेरी पश्चिम में सबसे अधिक 2,083 पेड़ काटे गए है। जबकि एन वार्ड घाटकोपर में 1 हजार 928 पेड़ काटे गए हैं और जी साउथ वार्ड में भी 1 हजार 849 पेड़ काटे गए हैं। इतनी बड़ी मात्रा में पेड़ो के काटे जाने से मुंबई में पर्यावरण पर इसका प्रभाव पड़ने का आरोप लगाया है। दस सालों में14 हजार 434 वृक्षों को पुनर्रोपित किया गया है लेकिन पुनर्रोपित किए गए अधिकांश पेड़ मृत हो जाते है। जिससे इन पेड़ो को काटने में गिनती न कर एक तरह से पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।




## संपादकीय / लेख



# शेयर बाजारों में तेजी...

**फैसल शेख**
**(प्रधान संपादक)**

**अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी ने अपनी दो दिवसीय बैठक के बाद यह संकेत देकर शेयर बाजारों में तेजी ला दी कि वह इस वर्ष नीतिगत ब्याज दरों में 0.75 फीसदी की कटौती के मार्ग पर बनी रहेगी। इस वर्ष मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान में इजाफे के बावजूद ऐसा किया जा रहा है। हालांकि फेड से यह उम्मीद नहीं थी कि वह मार्च की बैठक में नीतिगत दरों में कटौती करेगा लेकिन कुछ बाजार प्रतिभागी इस बात को लेकर चिंतित थे कि मुद्रास्फीति के हालात नीतिगत दरों में कटौती की संभावना को कम कर सकते हैं या उसमें देर कर सकते हैं। निश्चित तौर पर फेडरल रिजर्व के बोर्ड सदस्यों तथा फेडरल रिजर्व बैंक के प्रेसिडेंट के ताजा अनुमान दिखाते हैं कि 2024 में मध्यम कोर मुद्रास्फीति की दर 2.6 फीसदी रहेगी जबकि दिसंबर में इसके 2.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया था। चालू वर्ष की आर्थिक वृद्धि के अनुमानों को भी दिसंबर के 2.1 फीसदी से संशोधित करके 1.4 फीसदी कर दिया गया है। आर्थिक वृद्धि की गति और कीमतों पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए टिकाऊ ढंग से दो फीसदी का मुद्रास्फीति लक्ष्य हासिल करने में कुछ वक्त लग सकता है। जैसा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जीरोम पॉवेल ने अपनी टिप्पणी में कहा, 'यह सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है।'**

**चाहे जो भी हो, फेडरल फंड्स की दर का लक्षित दायरा 5.25 से 5.5 फीसदी है जो दो दशक का उच्चतम स्तर है और यह दरों में कटौती की प्रक्रिया शुरू करने की गुंजाइश देता है। बहरहाल फेड चालू वर्ष में और अगले वर्ष में किस हद तक कटौती करने में सक्षम होता है यह देखना होगा। बाजार जहां फेड के दरों में कटौती करने की प्रतीक्षा कर रहा है, वहीं बैंक ऑफ जापान ने इस सप्ताह 17 वर्षों में पहली बार नीतिगत दरों में इजाफा किया। मंगलवार को वह ऋणात्मक नीतिगत दर व्यवस्था समाप्त करने वाला पहला केंद्रीय बैंक भी बन गया और उसने नीतिगत दर को 0-0.1 के दायरे में बढ़ा दिया। बैंक ऑफ जापान ने एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के साथ यील्ड कर्व नियंत्रण कार्यक्रम को भी समाप्त करने का निर्णय लिया। बहरहाल, केंद्रीय बैंक जरूरत के मुताबिक बाजार से दीर्घावधि के सरकारी बॉन्ड की खरीद जारी रखेगा। ऋणात्मक नीतिगत ब्याज दरों का विचार हमेशा से विवादास्पद रहा है और यह स्पष्ट नहीं है कि इससे अर्थव्यवस्थाओं को लाभ हुआ या नहीं। बैंक ऑफ जापान के अलावा अन्य केंद्रीय बैंकों मसलन यूरोपीय केंद्रीय बैंक तथा स्विट्जरलैंड और स्वीडन के केंद्रीय बैंकों ने ऋणात्मक ब्याज दरों के साथ प्रयोग किया।**

**इसकी शुरूआत 2010 के दशक में हुई थी जब केंद्रीय बैंकों खासकर पश्चिमी देशों के बैंकों की ओर से यह कोशिश हो रही थी कि वैश्विक वित्तीय संकट के बाद आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाया जाए। कुछ यूरोपीय देशों में सॉवरिन ऋण बाजार की समस्या ने भी आर्थिक परिदृश्य को प्रभावित किया और केंद्रीय बैंक को आर्थिक गतिविधियों का समर्थन करने की प्रेरणा दी। बहरहाल जापान ने इसे भी अपस्फीति से लड़ाई का एक और औजार माना। ध्यान रहे कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने कभी नीतिगत दरों को ऋणात्मक नहीं होने दिया।**

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok




# वसई, विरार नगर निगम द्वारा शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा...

**वसई:** वसई विरार शहर में नागरिकों का इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के प्रति रुझान बढ़ा है. इन वाहनों को चार्ज करने के लिए वसई विरार शहर में नगर निगम द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इससे शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ेगा और प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी। पेट्रोल और डीजल ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण वाहन चालकों का आर्थिक गणित चरमरा गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अब ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। नागरिकों में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने का रुझान बढ़ा है विभिन्न कंपनियों के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में आने लगे हैं। इसमें दोपहिया, ई-ऑटोरिक्शा, चार पहिया जैसे वाहन शामिल हैं। वसई विरार समेत पालघर जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ रहा



है। हालांकि, शहर में वाहन मालिकों के लिए वाहनों को चार्ज करने के लिए कोई चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से यह सवाल उठता है कि आपातकालीन स्थिति में वाहनों को कहां चार्ज किया जाए। पेट्रोल और डीजल ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण वाहन चालकों का आर्थिक गणित चरमरा गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अब ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। नागरिकों में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने का रुझान बढ़ा है विभिन्न कंपनियों के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में आने लगे हैं। इसमें दोपहिया, ई-ऑटोरिक्शा, चार पहिया जैसे वाहन शामिल हैं। वसई विरार समेत पालघर जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ रहा है। हालांकि, शहर में वाहन मालिकों के लिए वाहनों को चार्ज करने के लिए कोई चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से यह सवाल उठता है कि आपातकालीन स्थिति में वाहनों को कहां चार्ज किया जाए। अब वसई विरार नगर निगम को भी प्रदूषण नियंत्रण के लिहाज से इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ानी चाहिए और शहर में उपयुक्त स्थान पर उनके लिए चार्जिंग सेंटर की व्यवस्था करनी चाहिए, ऐसा मनपा आयुक्त अनिल कुमार पवार ने कहा। उन्होंने कहा है कि नगर पालिका की मंशा है कि बजट 2024-25 में इसके लिए प्रावधान किया जाए.

**1) शहर में प्रदूषण कम करने के लिए नगर पालिका के प्रयास**

ईंधन से चलने वाले वाहन काला धुआं छोड़ते हैं। इसके अलावा वाहनों के शोर से शहर में प्रदूषण फैलता है। इस प्रदूषण को कम करने के लिए नगर पालिका की ओर से प्रयास किये जा रहे हैं. इसके तहत शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाने के लिए ऐसे वाहन मालिकों को सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नगर पालिका ने कहा है कि ये वाहन प्रदूषण को रोकने में मदद करेंगे।

**2) पांच साल में आठ हजार इलेक्ट्रिक वाहन**

वसई विरार में इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदारी बढ़ी है। 2019 से 2023 की अवधि के दौरान, वसई उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग में लगभग आठ हजार इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत किए गए हैं। परिवहन विभाग ने जानकारी दी है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों सहित, 7 हजार 127 चार पहिया वाहन, 522 ई-रिक्शा, 52 मालवाहक ई-रिक्शा और 35 अन्य वाहन।

# प्रधानमंत्री की तुलना औरंगजेब से करने वाले देशद्रोही हैं - एकनाथ शिंदे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह कहते हुए उद्धव ठाकरे और उनके सहयोगी संजय राउत पर निशाना साधा है कि प्रधानमंत्री की तुलना औरंगजेब से करने वाले देशद्रोही हैं। कुर्सी के लिए उन्होंने बालासाहेब ठाकरे के विचारों को भी छोड़ दिया है।

बुधवार को बुलढाड़ा की एक सभा में बोलते हुए पहले संजय राउत, फिर शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री की तुलना औरंगजेब से की थी। उन्होंने कहा था कि गुजरात में जहां प्रधानमंत्री मोदी का जन्म हुआ है, उसके पास ही दाहोद नामक स्थान पर औरंगजेब का जन्म हुआ था। इसलिए महाराष्ट्र के साथ जो व्यवहार औरंगजेब ने किया था, वही व्यवहार अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर रहे हैं। सूरत वाले महाराष्ट्र को लूट रहे हैं।

एक संवाददाता सम्मेलन में इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के स्वप्नों को साकार करते हुए कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाया, अयोध्या में राम मंदिर बनवाया। ऐसे प्रधानमंत्री का अपमान करना देशद्रोह के बराबर है। यह देश का अपमान है। देश की जनता आने वाले चुनाव में मतपेटी के माध्यम से उन्हें इसका उत्तर अवश्य देगी।

शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जिन्होंने मुंबई में आतंकी याकूब मेमन की कब्र का सौंदर्यीकरण करवाया, जिस शिवाजी पार्क में बाला साहब ठाकरे शिवसैनिकों को संबोधित करते थे, वहां सावरकर का अपमान करने वालों को बुलाकर सभा करवाई, उन्हें महाराष्ट्र की जनता अपने वोट के माध्यम से उत्तर अवश्य देगी।

# विवादों में पाम बीच मार्ग पर बहुचर्चित साइकिल ट्रैक प्रोजेक्ट

**नवी मुंबई:** पाम बीच रोड पर 7.5 किमी लंबा साइकिल ट्रैक बनाया जा रहा है और 11.58 करोड़ की लागत वाला यह प्रोजेक्ट विवादों में आ गया है. ऐसा देखा जा रहा है कि प्रसिद्ध साइकिल ट्रैक का उपयोग नवी मुंबई क्षेत्र के ज्वेल में घूमने आने वाले नागरिकों और जोड़ों के वाहनों की पार्किंग के लिए किया जा रहा है। साइकिल ट्रैक बंद है.



साइकिल ट्रैक के काम को लेकर मतभेद हैं और नगर पालिका द्वारा शासन को सौंपी गई विकास योजना में कई स्थानों पर साइकिल ट्रैक का आरक्षण रद्द कर दिए जाने से यह सवाल खड़ा हो गया है कि साइकिल ट्रैक का क्या होगा? पामबीच मार्ग. इसलिए नगर पालिका के 11.58 करोड़ रुपये पानी में बर्बाद हो जायेंगे और वर्तमान में पाम बीच रोड पर साइकिल ट्रैक पार्किंग ट्रैक बन गया है. इस साइकिल ट्रैक की कार्य अवधि भी समाप्त हो चुकी है और नगर पालिका पर अधूरे कार्य के कारण करोड़ों रुपये बर्बाद करने का आरोप लगाया जा रहा है। नगर निगम मुख्यालय के पास से शुरू होने वाले इस नियोजित साइकिल ट्रैक का काम टुकड़ों में किया जा रहा है और लगातार साइकिल ट्रैक की सुविधा संभव नहीं होने के कारण करोड़ों रुपये की लागत वाला यह ट्रैक विवादास्पद हो गया है.

**ट्रैक बदलना, अतिक्रमण**

नगर निगम मुख्यालय के पास से शुरू होकर मोराज सर्किल तक एक साइकिल ट्रैक प्रस्तावित था। फिर इसमें बदलाव किया गया। आरोप है कि साइकिल ट्रैक का काम घटिया है. नगर पालिका के इस नियोजित साइकिल ट्रैक के काम की मौजूदा स्थिति पर नजर डालें तो जगह-जगह सिग्नल और खाड़ी तट की बाधाएं हैं। वहीं दूसरी ओर अक्षर चौक से लेकर चाणक्य चौक तक की जगह का अतिक्रमण कर लिया गया है.

**हाई कोर्ट की अनुमति नहीं**

साइकिल ट्रैक का काम मई. साकेत इंफोप्रोजेक्ट के जरिए चल रहा है और काम पूरा करने की समय सीमा कुछ महीनों में खत्म होने वाली है। साथ ही हाईकोर्ट की अनुमति भी अब तक नहीं मिली है. इसके बावजूद सवाल पूछा जा रहा है कि छह करोड़ रुपये तक का काम क्यों कराया गया.



# 'बॉडी मसाजर सेक्स टॉय नहीं... आयात पर नहीं लगा सकते पाबंदी', बॉम्बे हाईकोर्ट ने फैसले में कही यह बात

**मुंबई** : बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति किशोर संत की खंडपीठ ने कहा कि बॉडी मसाजकर को एडल्ट / वयस्क लोगों के इस्तेमाल वाली वस्तु- सेक्स टॉय के रूप में वगीर्कृत नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि बॉडी मसाजर को आयात के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची में भी शामिल नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने बुधवार को पारित आदेश में सीमा शुल्क विभाग की तरफ से जब्त बॉडी मसाजर की खेप को छोड़ने का निर्देश देते हुए, खेप को जब्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया।





**वयस्क सेक्स खिलौनों के रूप में इस्तेमाल का खतरा... हाईकोर्ट ने कही यह बात**

अदालत ने साफ किया कि एक बॉडी मसाजर को वयस्क सेक्स टॉय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, इसे केवल सीमा शुल्क आयुक्त की कल्पना माना जाएगा। हाईकोर्ट के फैसले से पहले सीमा शुल्क आयुक्त ने मुंबई में बॉडी मसाजर की खेप जब्त की थी। उन्होंने यह दावा करते हुए सामान जब्त किया था कि बॉडी मसाजर्स का इस्तेमाल वयस्क सेक्स खिलौनों के रूप में किया जा सकता है। आयुक्त ने कार्रवाई का आधार बताते हुए कहा था कि सरकार ने ऐसी वस्तुओं को आयात के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

**अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे सीमा शुल्क आयुक्त**

दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने सीमा शुल्क आयुक्त की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। याचिका में मई, 2023 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती दी गई थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपने आदेश से सीमा शुल्क विभाग के बॉडी मसाजर्स वाली खेप को जब्त करने के आदेश को रद्द कर दिया था।

**60 साल पहले जारी अधिसूचना के आधार पर रोक; हाईकोर्ट ने माना अजीबो-गरीब**

आयुक्त ने अप्रैल, 2022 में बॉडी मसाजर्स वाली खेप को यह कहते हुए मंजूरी देने से इनकार कर दिया था कि ये उपकरण वयस्क सेक्स खिलौने थे। आयुक्त के मुताबिक जनवरी, 1964 में जारी सीमा शुल्क अधिसूचना के अनुसार इन्हें आयात के लिए निषिद्ध सामानों की सूची में रखा गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि आयुक्त के निष्कर्ष 'अजीबोगरीब और स्पष्ट रूप से काफी आश्चर्यजनक होने के साथ-साथ बहुत दूर की कौड़ी प्रतीत होते हैं।

# मुंबईकर मनपा को सोशल मीडिया पर दे सकेंगे सुझाव...

**मुंबई** : मुंबईकर सोशल मीडिया के जरिए मनपा से सिर्फ. शिकायत ही नहीं कर सकते बल्कि सुझाव भी दे सकते हैं। मुंबई में नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने वाली मनपा सोशल मीडिया ने मुंबईकरों की समस्याओं को कम से कम समय में समाधान के लिए कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराए हैं। इसमें ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, मोबाइल ऐप शामिल हैं। इस पर लोग कचरा उठाने, सड़कों के गड्ढे, नाला सफाई, पार्किंग की समस्या और डेब्रिज जैसी समस्याओं की शिकायत बड़े पैमाने पर करते हैं। अब मुंबईकर शिकायत के साथ ही सोशल मीडिया पर अपने सुझाव भी दे सकते हैं। जिस पर बीएमसी गौर करेगी। मनपा अगले दो वर्षों तक अपनी सोशल मीडिया हैंडल करने के लिए एजेंसी की मदद लेगी। जिसके जरिए मनपा द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी मुंबईकरों तक पहुंचाई जाएगी। मनपा इस पर 3.44 करोड़ रुपये खर्च करेगी। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में करीब डेढ़ करोड़ की आबादी में लाखों लोग ट्वीटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक हैंडल इस्तेमाल करते हैं। ट्वीटर पर गड्ढे भरने, नाला सफाई, प्रदूषण, कचरा और पार्किंग सहित अन्य करीब एक हजार से डेढ़ हजार शिकायत मिलती है। मनपा ने सभी 25 वॉर्ड के ट्वीटर हैंडल और लगभग सभी विभागों के ट्वीटर हैंडल है।




# दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ AAP का हल्लाबोल...



**मुंबई** : दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है. उनकी गिरफ्तारी को लेकर आप कार्यकर्ता जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं. बीती रात मुंबई के बेलार्ड इस्टेट पर स्थित एऊकार्यालय के पास प्रदर्शन करने के मामले में मुंबई पुलिस ने 10 आप नेताओं को हिरासत में लिया है. इन नेताओं के नाम पायस वर्गीस, रूबेन मैस्करेनहास, मनु पिल्लई, सुरेश आचार्य, आदित्य पॉल, साजिद खान वहीद खान, सुंदर पद्ममुख, अतानु मुखर्जी, सुधेश पटेल हैं. आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये जाने के खिलाफ गुरूवार देर रात प्रदर्शन कर रहे पार्टी कार्यकताओं के साथ मुंबई पुलिस ने मारपीट की. 'आप' की महाराष्ट्र इकाई की अध्यक्ष प्रीति शर्मा मेनन ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकताओं के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई और महिलाओं को रात में हिरासत में लिया गया.

## 10 नेता मुंबई पुलिस की हिरासत में...

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''आज पुलिस ने ऐसी बर्बरता की जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती. मोदी की ईडी द्वारा गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार किये जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 'आप' की मुंबई इकाई के कार्यकताओं को घसीटा गया, पीटा गया और घूंसे तक मारे गए.'' प्रवर्तन निदेशालय ने आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गुरूवार रात को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें एजेंसी मुख्यालय ले जाया गया.

# भायखला में रेलवे अधिकारी के घर में चोरी... विदेश टूर पर गईं थी अधिकारी, नौकरानी पर FIR

**मुंबई** : भायखला पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में रहने वाली रेलवे अधिकारी रचना सिंह ने पेरिस की यात्रा की, इस दौरान उनके आवास पर चोरी हो गई। सिंह ने नौकरानी सुषमा, सुषमा के पति गोपी और सुषमा की बहन सुरेखा के खिलाफ आईपीसी की धारा 34 और 381 के तहत मामला दर्ज कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता रेलवे अधिकारी रचना सिंह 2019 से भायखला इलाके में स्थित निर्मल पार्क रेलवे ऑफिसर कॉलोनी में रह रही हैं। शिकायतकर्ता पश्चिम रेलवे मंडल में वरिष्ठ उप महालेखाकार के पद पर कार्यरत हैं। सिंह के आवास में एक नौकर भी रहता था, यहां नौकरानी सुषमा अपने पति गोपी और अपने सात वर्षीय बेटे और पांच वर्षीय बेटी के साथ रहती है। 28 फरवरी की रात करीब 11 बजे सिंह अपने पति के साथ पेरिस जाने के लिए निकलीं और 29 फरवरी को सिंह दंपत्ति फ्लाइट से पेरिस पहुंचे।



4 मार्च को, नौकरानी सुषमा ने सिंह के कार्यालय ड्राइवर घनश्याम के मोबाइल फोन से सिंह को फोन किया और बताया कि उसका मोबाइल चोरी हो गया था और इसलिए उसने घनश्याम के मोबाइल से फोन किया था। फोन पर सुषमा ने सिंह को बताया कि वह अपनी अलमारी की चाबी घर पर भूल गई है, तब सिंह ने सुषमा से चाबी अपने पास सुरक्षित रखने को कहा।11 मार्च को सिंह घर पहुंची और बैग में रखे कपड़े अलमारी में रखने लगी। तभी उसे अपने सोने के गहनों वाले बक्से की अनुपस्थिति के बारे में पता चला। जब सिंह ने इस बारे में सुषमा और उसके पति से पूछताछ की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

रचना सिंह को सुषमा के पति और सुषमा की बहन सुषमा पर शक हो गया, जिसके बाद उन्होंने भायखला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सिंह की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, सिंह की अलमारी से दो बक्से गायब होने की सूचना मिली थी, जिसमें लगभग 5.10 लाख रुपये के गहने थे, जो चोरी हो गए थे।

# मलाड पश्चिम में सार्वजनिक शौचालय के सीवर में गिरने से 2 लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर...



**मुंबई** : मुंबई के मलाड पश्चिम में एक सार्वजनिक शौचालय के भूमिगत सीवर में गुरुवार को तीन लोग गिर गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुंबई फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है।

**दो लोगों की हुई मौत**

बृहन्मुंबई नगर निगम के मुंबई फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि घायल की पहचान रामलगन के रूप में हुई है, जिसे आपातकालीन चिकित्सा उपचार के लिए तुरंत बीडीबीए अस्पताल ले जाया गया। बीएमसी के मुंबई फायर ब्रिगेड ने कहा कि मृतकों की पहचान सूरज और विकास के रूप में की गई है।

# मीरारोड में फ्लैट हेवी डिपॉजिट पर देने के नाम पर धोखाधड़ी... खुद ही बनते थे फ्लैट का मालिक

**मुंबई** : सायबर अपराध शाखा उत्तर यूनिट ने हेवी डिपॉजिट पर फ्लैट देने के नक्रम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को वसई और नालासोपारा के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। सायबर अपराध शाखा मामले कि अधिक जांच करने में जुटी हुई है। पुलिस उपायुक्त दत्ता नलावडे, सहायक पुलिस आयुक्त अबुराव सोनावणे, प्रभारी निरीक्षक सुवर्णा शिंदे के मार्गदर्शन में पुलिस इंस्पेक्टर किरण अहेर और उनकी टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 120 (ब), 419, 420, 465, 467, 471 समेत आईटी एक्ट 66 (क), 66 (ड) के तहत दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने 'फ्लैट ऑन हेवी डिपॉजिट इन मीरा रोड एरिया' लिखकर नो ब्रोकर डॉट कॉम पकर डाला था। उन्होंने 'ग्लोबल होम बेस्ट सर्विस' का विज्ञापन देखा और एस्टेट एजेंट द्वारा दिए गए संपर्क नंबर पर संपर्क किया, तो आरोपी और उसके साथियों ने बताया कि वह उसका होने का नाटक कर रहा है। आरोपियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से मीरारोड, वसई, नालासोपारा क्षेत्र में विभिन्न फ्लैटों की तस्वीरें भेजकर विभिन्न बैंक खातों में हेवी डिपॉजिट का पैसा जमा करने के लिए कहा। साथ ही, उक्त अपराध में साइबर आरोपियों में से एक नए खुद को फ्लैट का मालिक एवं किरायेदार बताकर अपने एवं अन्य लोगों के बैंक खातों में 22 लाख 31 हजार रुपये डिपॉजिट करवाये। जानकारी के मुताबिक मामले में जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उनका नाम हौशिला उर्फ शिवा शिवकुमार शुक्ला (27), योगेश दुलेराय करवट (55) और विशाल राजनाथ यादव (29) है।




# आज उत्तर भारतीयों को पीटने वाले बने बीजेपी के लाडले... राज ठाकरे संग गठबंधन पर मुंबई से लेकर यूपी-बिहार तक गुस्सा

मुंबईः महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना में रहते हुए बीजेपी के कई सारे कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने उत्तर भारतीयों की खुलेआम पिटाई की थी। इनमें प्रवीण दरेकर और राम कदम के नाम खास तौर पर लिए जा रहे हैं, जो कभी मनसे में थे। आज दरेकर उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खास हैं। हालांकि, फडणवीस को उत्तर भारतीयों का हितैषी माना जाता है, लेकिन दरेकर जैसे अन्य नेता उत्तर भारतीय और हिंदीभाषी विरोधी रहे हैं।



बीजेपी चुनाव समिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे ऐडवोकेट अखिलेश चौबे कभी राज ठाकरे के वकील हुआ करते थे। मनसे में रहते हुए अवधूत वाघ ने भी उत्तर भारतीयों के खिलाफ खूब बोला था। आज वह बीजेपी प्रवक्ता हैं, यानी जिन्होंने मनसे में रहते हुए उत्तर भारतीयों, राजस्थानियों के साथ मारपीट की थी, आज बीजेपी के लाडले बन हैं। उत्तर भारतीयों के साथ मारपीट करने वाली मनसे के साथ बीजेपी चुनावी गठबंधन करने जा रही है, जिसकी मुंबई से लेकर, दिल्ली, लखनऊ, उत्तर प्रदेश और बिहार में चर्चा है। सवाल उठाए जा रहे हैं कि उत्तर भारतीय किस मुंह से बीजेपी-मनसे के गठबंधन को स्वीकार करेगा?

## दो साल तक नंगे पैर घूमता रहा

**वर्ली में बर्फ का कारोबार करने वाले सुभाष यादव ने मनसे के कार्यकताओं और पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने के लिए दो साल तक पैर में चप्पल नहीं पहनी थी। उसने प्रण कर लिया था कि जब तक उत्तर भारतीयों की पिटाई करने वालों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक वह नंगे पैर चलेगा। सुभाष की हठ और सक्रियता के चलते पुलिस को झुकना पड़ा और 8 से 10 मनसे कार्यकताओं और पदाधिकारियों पर कार्रवाई हुई। कई को तड़ीपार किया गया। पूरे प्रकरण को याद करते हुए यादव बताते हैं कि मैं कभी इसका समर्थन नहीं करूंगा कि बीजेपी अपने कुनबे में मनसे को शामिल करे। उस वक्त उनके जैसे हजारों उत्तर भारतीयों ने मनसे का आतंक देखा है। उनकी बर्फ की गाड़ी तोड़ा था और मनसे वाले धमकाते थे। आज बीजेपी के साथ मनसे आ जाएगी, तो उन्हें कैसे वोट दे सकता हूं। आखिर हमारा भी तो कोई आत्मसम्मान है।**

## समझौते से नाराज उत्तर भारतीय

**मनसे पदाधिकारियों से मार खाने वाले उत्तर भारतीय बीजेपी के इस समझौते से बेहद खफा हैं। मनसे में विधायक चुने जाने पर दरेकर और कदम ने हिंदी में शपथ लेने के कारण विधानसभा में सपा के विधायक अबू आजमी के साथ मारपीट की थी। इसके अलावा, दरेकर का नाम यूपी, बिहार, राजस्थान से आए छात्रों के साथ मारपीट में भी शामिल था। ये छात्र मुंबई में रेलवे बोर्ड की परीक्षा देने आए थे। इसके अलावा, ऐसी अनगिनत घटनाएं हैं।**

# मुंबई, नागपुर समेत महाराष्ट्र में गर्मी का सितम पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पास... !



**मुंबईः** आने वाले दिन मुंबई में गर्म और उमस भरे रहेंगे। अभी से भीषण गर्मी हो गई है जबकि और ज्यादा पारा चढ़ने की संभावना है। महानगर में पड़ रही गर्मी से मुंबईकर पस्त हैं। उपनगरों में लगातार दूसरे दिन भी तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ है, जबकि रात में भी तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मार्च महीने में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। दिन और रात दोनों के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। हवा में आर्द्रता कम होने के कारण तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से मात्र एक डिग्री सेल्सियस कम है। बुधवार को भी उपनगर का अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

**न्यूनतम तापमान भी चढ़ा**

क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को उपनगर का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री और शहर में 36.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, वहीं शहर का न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और उपनगर का 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा। गुरुवार को राज्य में सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान मुंबई में ही दर्ज किया गया है।

**उत्तर-पूर्व से आनेवाली हवाएं बढ़ा रहीं गर्मी**

मौसम विशेषज्ञ राजेश कपाड़िया ने बताया कि महानगर में तापमान बढ़ने के पीछे का कारण उत्तर-पूर्व से मुंबई की ओर आनेवाली हवाएं हैं। यह हवाएं समुद्र से आनेवाली हवाओं को सेट नहीं होने दे रही हैं, जिसके चलते पारा चढ़ा हुआ है। आगामी दो दिनों तक तापमान यूं ही बना रहेगा। समुद्र से आनेवाली हवाएं जब प्रबल होंगी और जल्द सेट हो जाएंगी, तब तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की गुंजाइश है।

**यहां तापमान 40 डिग्री के पार**

राज्य के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। चिपलूण में 41.7 डिग्री, कर्जत में 41 डिग्री, तलासरी में 40.7 डिग्री, दापोली और भिवंडी में 40.1 डिग्री, कल्याण-बदलापुर में 39.9 डिग्री, पनवेल में 39.7 डिग्री, ठाणे में 39.3 डिग्री, नवी मुंबई और मीरा रोड में 39.1 डिग्री और विरार में 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## टैक्स न जमा करने वाले बड़े बकाएदारों की प्रॉपर्टी जब्त करेगी मनपा




**मुंबईः** मनपा प्रशासन प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों के खिलाफ अब कठोर कार्रवाई करने की शुरूआत कर दी है। प्रॉपर्टी टैक्स समय पर न जमा करने वाले बड़े बकाएदारों को मनपा ने चेतावनी दी है। मनपा ने कहा है कि बड़े बकायेदार टैक्स नहीं जमा करेंगे उनकी प्रॉपर्टी को सील करने के साथ जब्ती की कार्रवाई मनपा अब करेगी। मनपा प्रशासन का कहना है कि बड़े बकायेदारों को नोटिस दी जा चुकी है। यदि वे समय पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ मनपा कड़ी कार्रवाई की योजना बना रही है। बता दें कि मनपा ने पिछले दिनों टॉप १० बकाएदारों की सूची जारी की थी। जिसमें कई बड़ी कंपनियों के नाम शामिल हैं।

## डोंबिवली में कंपनी मालिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर कर्मचारी की बेरहमी से कर दी पिटाई

**डोंबिवलीः** डोंबिवली के पास पिसवली गांव में रहने वाले टाटा पावर के एक कर्मचारी को तलोजा में एपेक्स फ्रेश कंपनी के मालिक और उसके चार सहयोगियों ने बेरहमी से पीटा। इस पिटाई में कर्मचारी की पीठ पर चोटें आईं. इस कर्मचारी ने बुधवार को मानपाड़ा थाने में कंपनी मालिक समेत चार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. जिस कर्मचारी की पिटाई हुई उसकी पहचान विकास कमलाशंकर दुबे (27) के रूप में हुई है. वह एपेक्स फ्रेश कंपनी में डिस्ट्रीब्यूटर के पद पर काम करता है। आरोपियों की पहचान कंपनी के मालिक परीक्षित सिंह राजपूत, उनके सहयोगी आसिफ खान, अमित चौहान, हितेंद्र सिंह और आसिफ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया, एपेक्स फ्रेश कंपनी के मालिक ने कर्मचारी विकास दुबे का एक माह 20 दिन का वेतन रोक दिया है. मालिक वेतन नहीं दे रहा था, जबकि उसका




कहना था कि उसका परिवार इसी वेतन से चलता है। मालिक परीक्षित राजपूत ने दुबे को आश्वासन दिया कि यह वेतन जल्द ही दिया जाएगा। दुबे ने एक प्रतिष्ठान से कंपनी को देय राशि अपने बैंक खाते में ले ली और शेष सत्रह हजार रुपये की राशि संबंधित को भुगतान करने का सुझाव दिया, जब उसने उससे कहा। मालिक को गलतफहमी हो गई थी कि दुबे ने पैसे के लिए यह चाल चली है। मंगलवार शाम को विकास दुबे अपनी बाइक की मरम्मत के लिए डोंबिवली के पांडुरंगवाड़ी में हंसो वाइन शॉप के बगल में वर्कशॉप में आया था। आरोपी आसिफ खान, हितेंद्र और अमित चौहान वहां आए।

## महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग ने 28 अप्रैल और 19 मई को होने वाली परीक्षा स्थगित की

**मुंबई :** महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग ने 28 अप्रैल, 2024 को होने वाली महाराष्ट्र राजपत्रित सिविल सेवा संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2024 औ▪ 19 मई 2024 को आयोजित होने वाली समाज कल्याण अधिकारी, ग्रुप-बी और अन्य पिछड़ा बहुजन कल्याण अधिकारी, ग्रुप-बी सीधी सेवा स्क्रीनिंग परीक्षा स्थगित कर दी है। इन परीक्षाओं की संशोधित तारीखें उचित समय पर घोषित की जाएंगी।

सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण अधिनियम, 2024 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए, आयोग के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि सरकार से संशोधित आरक्षण निर्धारण प्राप्त होने के बाद आयोग द्वारा उपरोक्त परीक्षाओं के संबंध में आगे की घोषणा की जाएगी।

## रामपुर में मुंबई की मेकअप आर्टिस्ट के साथ गैंगरेप! कार में किडनैप कर वारदात को दिया अंजाम... 12 के खिलाफ FIR

**रामपुरः** उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक मेकअप आर्टिस्ट ने अपने साथ गैंगरेप का आरोप लगाया है। युवती ने जिला पंचायत सदस्य समेत 12 लोगों के खिलाफ अपहरण के बाद मारपीट और गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। दिल्ली में दर्ज शिकायत के अनुसार आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के बाद उसे ट्रेन में बैठाकर दिल्ली भेज दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामपुर के शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने जिला पंचायत



सदस्य को मुख्य आरोपी बनाया है, जो दूर के रिश्तेदार भी है। पीड़िता का कहना है कि वह पिछले कुछ साल से मुंबई में रहकर फैशन डिजायनर और मेकअप आर्टिस्ट का काम करती हैं। जमीन से जुड़े मामले में कागजात निकलवाने के लिए वह आई थीं।

पीड़िता के अनुसार जमीन से जुड़े विवाद को लेकर ही उनके साथ वारदात को अंजाम दिया गया है। युवती ने बताया कि उसके पिता की मौत करीब 12 साल पहले हो चुकी है। घर में मां और एक बहन हैं। पैतृक जमीन को लेकर घरेलू विवाद चल रहा है। रामपुर कचहरी में जमीन से जुड़े कागज निकलवाने आई थीं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com